कक्षा-9

प्रश्न-पत्र हिन्दी-'अ' (002)

वार्षिक-परीक्षा 2023-24

निर्धारित समय- 3 घंटे                                                                                    पूर्णांक – 80

सामान्य निर्देश -

1. इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं- खंड 'अ' और 'ब'। खंड-अ में वस्तुपरक/बहुविकल्पीय और खंड-ब में वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं।

2. प्रश्नपत्र के दोनों खंडों में प्रश्नों की संख्या 17 है और सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

3. यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।

4. खंड 'अ' में कुल 10 प्रश्न हैं। जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 44 है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 40 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

5. खंड 'ब' में कुल 7 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**खंड - अ (बहुविकल्पीय प्रश्न / वस्तुपरक प्रश्न )**

**1. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय / वस्तुपरक प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए |**

**1 × 5 = 5**

प्रेमचंद का वास्तविक नाम धनपतराय था। वे नवाबराय नाम से उर्दू में लिखते थे। उनके 'सोज़े वतन' कहानी संग्रह की सभी प्रतियाँ तत्कालीन अंग्रेज़ी सरकार ने जब्त कर ली थीं। सरकारी कोप से बचने के लिए उर्दू अखबार ज़माना के संपादक मुंशी दयानारायण निगम ने उन्हें नवाबराय के स्थान पर 'प्रेमचंद' उपनाम सुझाया। यह नाम उन्हें इतना पसंद आया कि नवाबराय के स्थान पर वह प्रेमचंद हो गए। हिंदी पुस्तक एजेंसी की एक प्रेस कलकत्ता में थी जिसका नाम वणिक प्रेस था। इसके मुद्रक थे 'महावीर प्रसाद पोद्दार'। वे प्रेमचंद की रचनाएँ बांग्ला के सुप्रसिद्ध उपन्यासकार शरत बाबू को पढ़ने के लिए दिया करते थे। एक दिन पोद्दार जी शरत बाबू के घर गए। वहाँ उन्होंने देखा कि शरत बाबू प्रेमचंद का कोई उपन्यास पढ़ रहे थे जो बीच में खुला हुआ था। पोद्दार जी ने उसे उठाकर देखा तो उपन्यास के एक पृष्ठ पर शरत बाबू ने उपन्यास सम्राट लिख रखा था। बस यहीं से पोद्दार जी ने प्रेमचंद को 'उपन्यास सम्राट प्रेमचंद' लिखना शुरू कर दिया।

**(1) प्रेमचंद का वास्तविक नाम क्या था? वे किस नाम से उर्दू में लिखते थे ?**

(क) नवाबराय, वे गुलाब राय के नाम से उर्दू में लिखते थे। (ख) प्रेमचंद, वे धनपत राय के नाम से उर्दू में लिखते थे ।

(ग) गुलाब राय, वे नवाबराय के नाम से उर्दू में लिखते थे। (घ) धनपत राय, वे नबावराय के नाम से उर्दू में लिखते थे ।

**(2) प्रेमचंद की कौन-सी पुस्तक किसने ज़ब्त कर ली थी ?**

(क) 'सोजे वतन' पुस्तक- अंग्रेज़ सरकार ने

(ख) कर्मभूमि-ज़माना के संपादक ने

(ग) गबन उपन्यास-अंग्रेज़ सरकार ने

(घ) इनमें से कोई नहीं

**(3) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उचित विकल्प चुनिए-**

कथन (A) : प्रेमचंद का वास्तविक नाम धनपतराय था ।

कारण (R) : पोद्दार जी ने प्रेमचंद को उपन्यास सम्राट नाम दिया ।

(क) कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(घ) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**(4) 'धनपत राय को प्रेमचंद नाम मुंशी दयानारायण निगम ने दिया। इसके पीछे क्या कारण था ? ' - उपर्युक्त कथन के पक्ष में निम्नलिखित तर्कों पर विचार कीजिए-**

1. अपने अखबार की लोकप्रियता बढ़ाने के लिए
2. सरकारी कोप से बचाने के लिए
3. धनपतराय को प्रसिद्धि दिलाने के लिए

(क) 1 सही है। (ख) 2 सही है।

(ग) 3 सही है। (घ) 1 और 3 सही हैं।

**(5) हिंदी पुस्तक एजेंसी की प्रेस का क्या नाम था और वह कहाँ थी?**

(क) हिंदू प्रेस- बनारस में

(ख) वणिक प्रेस-कलकत्ता में

(ग) जागरण प्रेस-कलकत्ता में

(घ) इनमें से कोई नहीं

**2. निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय / वस्तुपरक प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए |**

1 x 5= 5

हाँ, जानकर भी मैंने न भरत को जाना,
सब सुन लें, तुमने स्वयं अभी यह माना।
यह सच है तो फिर लौट चलो घर भैया,
अपराधिन हूँ मैं तात तुम्हारी मैया।
दुर्बलता का ही चिन्ह विशेष शपथ है,
पर, अबलाजन के लिए कौन-सा पथ है ?
यदि में उकसाई गई भरत से होऊँ,
तो पति-समान ही स्वयं पुत्र भी खोऊँ,
ठहरो, मत रोको मुझे, कहूँ सो सुन लो,
पाओ यदि उसमें सार, उसे सब चुन लो।
करके पहाड़-सा पाप मौन रह जाऊँ ?
राई भर भी अनुताप न करने पाऊँ।
उल्का-सी रानी दिशा दीप्त करती थी,
सबमें भय, विस्मय और खेद भरती थी।
"क्या कर सकती थी मरी मंथरा दासी,
मेरा मन ही रह सका ना निज विश्वासी
जल पंजर-गत अब अरे अधीर, अभागे,
ये ज्वलित भाव थे
स्वयं तुझीमें जागे।

**(1) इस काव्यांश में कौन किस से घर लौटने के लिए कह रहा है ?**

(क) माता कैकेयी भरत से (ख) माता कैकेयी श्रीराम से

(ग) माता कौशल्या श्रीराम से (घ) माता सुमित्रा लक्ष्मण से

**(2) कैकेयी अपने द्वारा शपथ खाने की बात को क्या मानती हैं ?**

(क) अपनी दुर्बलता का चिह्न (ख) अपनी सत्यता का प्रमाण

(ग) अपनी कठोरता का चिह्न (घ) इनमें से कोई नहीं

**(3) कैकेयी पति के समान पुत्र को भी खोने की बात किस परिस्थिति में कहती हैं ?**

(क) वे अपनी शपथ को सत्य सिद्ध करने के लिए ऐसा कहती हैं।
(ख) उन्हें लगता है कि यदि राम नहीं लौटे तो वे भरत को भी खो देंगी।
(ग) वे श्री राम को विश्वास दिलाना चाहतीं हैं कि भरत निर्दोष हैं।
(घ) (क) और (ग) दोनों

**(4) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उचित विकल्प चुनिए-**

**कथन (A) :** मंथरा कैकेयी की साधारण-सी दासी है।

**कारण (R) :** कैकेयी मंथरा को निर्दोष मानती है।

(क) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) गलत है।

(ख) कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) व कारण (R) दोनों सही हैं और कथन (A) कारण (R) की सही व्याख्या है।

(घ) कथन (A) व कारण (R) दोनों सही हैं, किन्तु कथन (A) कारण (R) की सही व्याख्या नहीं है।

**(5) अपने बेटे भरत के संदर्भ में कैकेई क्या स्वीकार करती हैं ?**

(क) माँ होकर भी मैंने अपने पुत्र के स्वभाव को नहीं पहचाना
(ख) भरत के बारे में सब कुछ जानने का
(ग) भरत अपने भाइयों से प्यार नहीं करते
(घ) भरत को अयोध्या के राज्य का लालच था।

**3. निर्देशानुसार 'उपसर्ग और प्रत्यय' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 1 × 4 = 4**

**(1) 'पराजय' शब्द में उपसर्ग है -**

(क) पर
(ख) परा
(ग) प्र
(घ) परः

**(2) 'परि' उपसर्ग से बना शब्द नहीं है -**

(क) परिक्रमा
(ख) परिभ्रमण
(ग) परिमाप
(घ) परिधि

**(3) 'चमकीला' में प्रत्यय है -**

(क) आ
(ख) ला
(ग) ईला
(घ) कीला

**(4) 'न' प्रत्यय से निर्मित शब्द है -**

(क) चलन
(ख) खून
(ग) दातुन
(घ) मीन

**(5) 'बिकाऊ' में प्रत्यय है -**

(क) ऊ
(ख) अऊ
(ग) आऊ
(घ) उ

4. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर दीजिए। 1×4=4

(1) 'यश-अपयश' का समास विग्रह कर समास का नाम बताइए -

(क) यश है जो अपयश-द्वंद्व समास
(ख) यश का अपयश-द्वंद्व समास
(ग) यश और अपयश-द्वंद्व समास
(घ) यश से अपयश-द्वंद्व समास

(2) 'गुरु दक्षिणा' का समास विग्रह कर समास का भेद बताइए -

(क) गुरु और दक्षिणा- द्वंद्व समास
(ख) गुरु से दक्षिणा- तत्पुरुष समास
(ग) गुरु है जो दक्षिणा - कर्मधारय समास
(घ) गुरु के लिए दक्षिणा - तत्पुरुष समास

(3) 'दशानन' का समास विग्रह कर समास का नाम बताइए -

(क) दश आनन है जिसके - बहुव्रीहि समास
(ख) दश के आनन- तत्पुरुष समास
(ग) दश रूपी आनन- कर्मधारय समास
(घ) दश और आनन- द्वंद्व समास

(4) 'आजन्म' का समास विग्रह कर समास का नाम बताइए -

(क) आज के जन्म - तत्पुरुष समास
(ख) जन्मभर - अव्ययी भाव समास
(ग) जन्मभर - कर्मधारय समास
(घ) जन्मभर - द्विगु समास

(5) 'मुखचन्द्र' का समास विग्रह कर समास का नाम बताइए -

(क) मुख और चन्द्र - द्वंद्व समास
(ख) मुख जैसा चन्द्र - तत्पुरुष समास
(ग) चन्द्ररूपी मुख - कर्मधारय समास
(घ) मुखरूपी चन्द्र - बहुव्रीहि समास

5. निर्देशानुसार 'अर्थ के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर दीजिए - 1×4=4

(1) 'लता तुम गाना सुनाओ' अर्थ के आधार पर वाक्य है-

(क) विधानवाचक वाक्य
(ख) इच्छावाचक वाक्य
(ग) आज्ञावाचक वाक्य
(घ) संकेतवाचक वाक्य

(2) 'मनोरमा कविता बैठकर पढ़ती है।' संदेहवाचक वाक्य में बदलिए -

(क) मनोरमा शायद कविता बैठकर पढ़ती है ?
(ख) मनोरमा कविता बैठकर शायद पढ़ती है।
(ग) मनोरमा कविता शायद बैठकर पढ़ती है।
(घ) शायद मनोरमा कविता बैठकर पढ़ती है।

(3) 'हो सकता है आज वर्षा हो।' अर्थ के आधार पर वाक्य भेद बताइए-

(क) विधानवाचक वाक्य
(ख) आज्ञावाचक वाक्य
(ग) संदेहवाचक वाक्य
(घ) इच्छावाचक वाक्य

(4) 'आपको जीवन में सदा सफलता मिले।' अर्थ के आधार वाक्य भेद बताइए -

(क) विधानवाचक वाक्य
(ख) आज्ञावाचक वाक्य
(ग) विस्मयवाचक वाक्य
(घ) इच्छावाचक वाक्य

(5) 'माला आज नहीं नाचेगी।' वाक्य को विधानवाचक वाक्य में परिवर्तित कीजिए-

(क) क्या माला आज नाचेगी ?
(ख) माला आज नाचेगी ।
(ग) माला आज नाचो ।
(घ) माला आज शायद नाचेगी ।

6. निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर दीजिए - 1×4=4

(1) 'हाय ! फूल-सी कोमल बच्ची हुई राख की थी ढेरी' में अलंकार है -

(क) उपमा अलंकार
(ख) रूपक अलंकार
(ग) उत्प्रेक्षा अलंकार
(घ) पुनरुक्ति अलंकार

(2) 'कनक-कनक ते सौगुनी मादकता अधिकाय' में अलंकार है -

(क) अनुप्रास अलंकार
(ख) यमक अलंकार
(ग) उपमा अलंकार
(घ) श्लेष अलंकार

(3) 'बंदौ गुरुपद पदुम परागा' में अलंकार है -

(क) उपमा अलंकार
(ख) रूपक अलंकार
(ग) उत्प्रेक्षा अलंकार
(घ) मानवीकरण अलंकार

(4) 'नभ पर चमचम चपला चमकी' में अलंकार है -

(क) अनुप्रास अलंकार
(ख) श्लेष अलंकार
(ग) उपमा अलंकार
(घ) उत्प्रेक्षा अलंकार

(5) 'खुले कोरे पृष्ठ जैसा वही उज्ज्वल वही पारस रूप' में अलंकार है -

(क) अनुप्रास अलंकार
(ख) यमक अलंकार
(ग) उपमा अलंकार
(घ) उत्प्रेक्षा अलंकार

**7. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-** **1x 5 = 5**

संयोग की बात, झूरी ने एक बार गोईं को ससुराल भेज दिया। बैलों को क्या मालूम, वे क्यों भेजे जा रहे हैं। समझे, मालिक ने हमें बेंच दिया। अपना यों बेंचा जाना उन्हें अच्छा लगा या बुरा, कौन जाने, पर झूरी के साले गया को घर तक गोईं ले जाने में दाँतों पसीना आ गया। पीछे से हाँकता तो दोनों दाएँ-बाएँ भागते, पगहिया पकड़कर आगे से खींचता, तो दोनों पीछे को ज़ोर लगाते। मारता तो दोनों सींग नीचे करके हुँकारते। अगर ईश्वर ने उन्हें वाणी दी होती, तो झूरी से पूछते-"तुम हम गरीबों को क्यों निकाल रहे हो ? हमने तो तुम्हारी सेवा में कोई कसर नहीं रखी।"

**(1) झूरी ने दोनों को किसके साथ कहाँ भेज दिया ?**

(क) अपने भाई के साथ अपने गाँव
(ख) अपने साले के साथ अपनी ससुराल
(ग) अपने पिता के साथ खेत में
(घ) सेठ के हाथों बाज़ार में

**(2) झूरी के द्वारा बैलों को भेजे जाने को उन्होंने क्या समझा ?**

(क) मालिक ने हमें बेच दिया।
(ख) मालिक हमसे नाराज़ हैं।
(ग) मालिक हमारे काम से खुश नहीं है।
(घ) उपर्युक्त सभी।

**(3) गद्यांश में आए 'दाँतों पसीना आना' मुहावरे का क्या अर्थ है ?**

(क) दाँत में पसीना आ जाना
(ख) दाँतों में दर्द होना
(ग) बहुत क्रोध करना
(घ) बहुत परिश्रम करना

**(4) गया द्वारा मारे जाने पर दोनों बैलों की क्या प्रतिक्रिया होती थी ?**

(क) दोनों सींग नीचे करके हुँकारते थे।
(ख) दोनों पीछे को ज़ोर लगाते थे।
(ग) दोनों नीचे बैठ जाते थे।
(घ) दोनों दाएँ-बाएँ भागने लगते थे।

**(5) अपने बेंचे जाने के भ्रम में बैलों को झूरी से क्या शिकायत थी ?**

(क) उसने हमें पैसों के लिए क्यों बेच दिया ?
(ख) इतनी सेवा करने पर भी उन्हें उनके घर से क्यों निकाल दिया ?
(ग) बेचे जाने से पहले हमें बताया क्यों नहीं ?
(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

**8. 'क्षितिज भाग-1' के गद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित दो बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-** **1 x 2 = 2**

**(1) प्रेमचंद की व्यंग्य मुस्कान से लेखक के हौंसले पस्त होने का क्या कारण है ?**

(क) वे सीधे-साधे थे
(ख) लगता था मानों लेखक का ही मज़ाक उड़ा रहे हैं
(ग) वे गरीबों पर व्यंग्य करते थे
(घ) वे बाह्य आडंबर करते थे

(2) सुमति ने अपनी नाराज़गी प्रकट करते हुए लेखक से क्या कहा ?

(क) मैंने दो टोकरी कंडे फूंक डाले।
(ख) मुझे तुम्हारे न आने से डर लग रहा था।
(ग) मैंने तीन-तीन बार चाय को गरम किया।
(घ) (क) और (ग)

9.निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- 1 x 5 = 5

मानुष हों तो वही रसखान बसौं ब्रज गोकुल गाँव के ग्वारन,
जो पशु हों तो कहा बस मेरो चरों नित नंद की धेनु मंझारन,
पाहन हों तो वही गिरि को जो धरयो कर छत्र पुरंदर धारन,
जो खग हों तो बसेरो करौं मिलि कालिंदी कूल कदंब की डारन ।

(1) कवि एवं कविता का नाम लिखिए -

(क) ललद्यद-वाख (ख) कबीर-सबद
(ग) रसखान-सवैये (घ) पद-सूरदास

(2) मनुष्य रूप में जन्म लेने पर कवि कहाँ बसना चाहता है ?

(क) ब्रज के गाँव में ग्वाल बालों के बीच (ख) नंद बाबा और माता यशोदा के घर
(ग) ब्रज के गाँव में गोपियों के बीच (घ) उपर्युक्त सभी कथन सही हैं

(3) कवि किस पर्वत का पत्थर बनना चाहता है ?

(क) हिमालय पर्वत का (ख) अरावली पर्वत का
(ग) सुमेरु पर्वत का (घ) गोवर्धन पर्वत का

(4) पक्षी रूप में कवि यमुना किनारे कदंब की डाल पर बसेरा क्यों बनाना चाहता है ?

(क) कदंब के पेड़ के नीचे श्रीकृष्ण रहा करते थे
(ख) क्योंकि वहाँ बहुत सारे पक्षी रहते हैं
(ग) उसके नीचे श्रीकृष्ण मुरली बजाकर गोपियों के संग रास रचाते थे
(घ) (ख) और (ग) दोनों कथन सही है

(5) निम्नलिखित में से अनुप्रास अलंकार का उदाहरण है -

(क) मानुष हौं तो वही रसखानि (ख) कालिंदी कूल कदंब की डारन
(ग) पाहन हौं तो वही गिरि को (घ) जो खग हौं तो बसेरो करौं

10. पाठ्यपुस्तक में निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित दो प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- 1 × 2 = 2

(1) 'वाख का शाब्दिक अर्थ क्या है ?

(क) वाख ईश्वर भक्त को कहते हैं (ख) कश्मीर में कविता को 'वाख' कहते हैं
(ग) 'वाख' वाणी को कहते हैं (घ) वाख एक पक्षी का नाम है

(2) ‘कैदी और कोकिला’ कविता में कवि ने गहना किसे कहा है ?

(क) चूड़ियाँ (ख) हथकड़ियाँ
(ग) कंगन (घ) इनमें से कोई नहीं

## खण्ड 'ब'

### (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए - 2×3=6**

(1) प्रस्तुत यात्रा-वृत्तांत के आधार पर बताइए कि उस समय का तिब्बती समाज कैसा था ?

(2) लेखक मनुष्य के किस क्रियाकलाप को उसकी भूल बताता है ? 'साँवले सपनों की याद' पाठ के आधार पर लिखिए।

(3) सालिम अली पक्षियों को मनुष्य के समरूप नहीं देखने की सलाह क्यों देते थे ? स्पष्ट कीजिए।

(4) लेखक ने प्रेमचंद को 'जनता के लेखक' क्यों कहा ?

**12. निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- 2 x 3 = 6**

(1) एक लकुटी और कामरिया पर कवि सब कुछ न्योछावर करने को क्यों तैयार है ?

(2) साहब को पहचानने का क्या साधन है? कवयित्री ललद्यद किसे साहब मानती हैं और व्यक्ति को क्या निर्देश देती है?

(3) कबीर के अनुसार ईश्वर के सच्चे स्वरूप को कौन लोग नहीं जान पाते ?

(4) 'क्यों हूक पड़ी वेदना बोझ वाली-सी' पंक्ति का आशय स्पष्ट करते हुए बताइए कि कवि के द्वारा कोयल से ऐसे प्रश्न करना उसकी किस मानसिक स्थिति का द्योतक है?

**13. पूरक पाठ्यपुस्तक कृतिका भाग-1 के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए - 4 ×2 = 8**

(1) रामस्वरूप और गोपाल प्रसाद बात-बात पर 'एक हमारा ज़माना था' कहकर अपने समय की तुलना वर्तमान समय से करते हैं। इस प्रकार की तुलना करना कहाँ तक तर्कसंगत है ?

(2) 'रीढ़ की हड्डी' का मुख्य पात्र आप किसे मानते हैं और क्यों ?

(3) लेखिका मृदुला गर्ग ने अपनी नानी को देखा नहीं था फिर भी उनके व्यक्तित्त्व से वे प्रभावित थीं तो क्यों और किस घटना के आधार पर ?

**14. निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए- 6 x 1 = 6**

### (1) बरसात का एक दिन

**संकेत बिंदु -** बरसात का आगमन, प्रकृति में परिवर्तन, मेरे विशेष अनुभव।

### (2) यात्रा जिसे मैं भूल नहीं पाता

**संकेत बिंदु -** कहाँ की यात्रा, विशेष घटना का वर्णन, अविस्मरणीय कैसे ?

### (3) हमारे बुजुर्ग : हमारी धरोहर

**संकेत बिंदु-**बुजुर्गों का परिवार में महत्त्व, बुजुर्गों के दायित्व, बुजुर्गों की वर्तमान भयावह स्थिति,बुजुर्गों के प्रति सोच में बदलाव।

**15. किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए: 5 × 1 = 5**

वन विभाग द्वारा लगाए गए वृक्ष सूखते जा रहे हैं। इस समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए किसी प्रसिद्ध दैनिक समाचार-पत्र के सम्पादक को पत्र लिखिए।

**अथवा**

अपने मित्र को स्वदेशी वस्तुओं के इस्तेमाल की प्रेरणा देते हुए पत्र लिखिए।

16. 'नेकी का फल' पर अपने विचार व्यक्त करते हुए लगभग 100 शब्दों में लघुकथा लिखिए। 5 x 1 = 5

**अथवा**

किसी विषय के प्रशिक्षण के लिए अनुरोध करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को ई-मेल लगभग 100 शब्दों में लिखिए।

17. नोटबन्दी से प्रभावित दो ग्रामीणों के मध्य लगभग 80 शब्दों में संवाद लिखिए। 4 x 1 = 4

**अथवा**

विद्यालय में आयोजित होने वाली वाद-विवाद प्रतियोगिता के लिए हिन्दी विभाग के संयोजक की ओर से लगभग 80 शब्दों में सूचना लिखिए।